Australian Government
Department of Education

# *शिक्षा के लिए विकलाँगता मानक 2005 (Disability Standards for Education 2005)* की वर्ष 2020 की समीक्षा के सुझावों के लिए कार्यान्वयन रिपोर्ट

2020 में ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने *शिक्षा के लिए विकलाँगता मानन 2005 (मानक)* की समीक्षा की। मानक *विकलाँगता भेदभाव अधिनियम 1992 (Disability Discrimination Act 1992)* (DDA) के अधीन शिक्षा प्रदाताओं की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करते हैं। मानक यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थी उन विद्यार्थियों के समान आधार पर शिक्षा एवं प्रशिक्षण तक पहुँच पा सकते हैं और इसमें भाग ले सकते हैं जो विकलाँगता ग्रस्त नहीं होते हैं।

यह रिपोर्ट दर्शाती है कि विकलाँगता ग्रस्त बच्चों और विद्यार्थियों के लिए समावेशी शिक्षा को मज़बूत करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने क्या किया है। ये बदलाव *ऑस्ट्रेलिया की विकलाँगता कार्यनीति 2021-2031* का समर्थन करने में भी सहायता कर रहे हैं।

## विकलाँगता से ग्रस्त विद्यार्थियों और उनके परिवारों को सशक्त करना और उनका समर्थन करना

विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थियों और उनके परिवारों तथा देखभालकर्ताओं ने हमें बताया कि उनके और शिक्षा प्रदाताओं के बीच शक्ति का असंतुलन है। उन्होंने महसूस किया कि कानूनों तथा शिक्षा प्रणाली को समझने की जिम्मेदारी उनके ऊपर है ताकि वे यथोचित समायोजनों के लिए पक्षसमर्थन कर सकें।

| क्या बदल रहा है | हमने अब तक क्या किया है | हम आगे क्या करेंगे |
|---|---|---|
| **विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थियों तथा उनके परिवारों के लिए और अधिक जानकारी प्रकाशित करना** | सितम्बर 2022 को हमने विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थियों और उनके परिवारों को मानकों के अधीन उनके अधिकारों को समझने में सहायता देने के लिए नए संसाधन प्रकाशित किए। ये पढ़ने में आसान, ऑस्लान (Auslan) और सामुदायिक भाषाओं में इस वेबसाइट पर उपलब्ध हैं: https://raisingchildren.net.au/disability/disability-rights-the-law/rights.<br><br>संसाधनों को Children and Young People with Disability Australia (www.cyda.org.au) की सहायता के साथ विकलाँगता ग्रस्त युवाओं द्वारा सह-निर्मित किया गया था।<br><br>हमने इन्हें राज्यों तथा राज्य-क्षेत्रों, गैर-सरकारी शिक्षा प्रदाताओं और विकलाँगता संगठनों के साथ साझा किया ताकि इन्हें आगे विद्यार्थियों और परिवारों तक पहुँचाया जा सके। | हम मानकों के बारे में और अधिक संसाधन प्रकाशित करेंगे जिनसे विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थियों तथा उनके परिवारों को अपने अधिकारों के लिए पक्षसमर्थन करने में सहायता मिलेगी। नए संसाधन निम्नलिखित जानकारी शामिल करेंगे:<br>• अपने स्कूल के साथ चिंत प्रकट करने और शिकायत का समाधान करने के लिए चरण<br>• पक्षसमर्थन कैसे करें<br>• शुरूआत करना: विकलाँगता तथा शिक्षा<br>• प्रथम राष्ट्र के लोगों और सांस्कृतिक तथा भाषाई तौर पर विविध पृष्ठभूमियों के लोगों के दृष्टिकोण। |
| **विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थिय और उनके परिवारों के साथ सलाह-मशविरा करने से जुड़ अधिक स्पष्ट नियम निर्धारित करना और** | हमने शिक्षा प्रदाताओं के लिए नए सिद्धांत लिखने के लिए राज्य एवं राज्य-क्षेत्र की सरकारों के साथ काम किया जिनका शिक्षा प्रदाताओं को विद्यार्थियों तथा उनके परिवारों के साथ सलाह-मशविरा करते समय और समस्याओं तथा शिकायतों का प्रबंध करते समय अनुपालन करना होगा।<br><br>इन सिद्धांतों को मानकों में शामिल किया जाएगा। | मानकों में बदलाव करने के लिए हम नए सिद्धांतों और विकल्पों पर शिक्षकों, शिक्षा प्रदाताओं तथा समुदाय से फीडबैक (प्रतिक्रिया) की मांग करेंगे।<br><br>इससे हमें यह फैसला लेने में मदद मिलेगी कि मानकों को कैसा बदला जाएगा। |

| | | |
|---|---|---|
| **समस्याओं तथा शिकायतों का प्रबंध करना** | | |
| **विद्यार्थियों द्वारा स्कूल बदलने पर उनके साथ जानकारी साझा करना** | हमने उन स्थितियों में जानकारी साझा करने के तरीकों की जांच की जब विद्यार्थी एक स्कूल से दूसरे में स्थानांतरण करते हैं या वोकेशनल शिक्षा एवं प्रशिक्षण (VET) अथवा उच्च शिक्षा की शुरूआत करते हैं। | हम वर्तमान में नए Schools Unique Student Identifier (स्कूल के विशिष्ट विद्यार्थी पहचानकर्ता) पर काम कर रहे हैं, जिससे स्कूल बदलने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए जानकारी साझा करने में मदद मिलेगी। हम बच्चों के कल्याण और शिक्षा रिकॉर्ड्स से सम्बन्धित कानूनों के अनुसार यह करेंगे। |

## शिक्षकों और प्रदाताओं के लिए ज्ञान और क्षमता को मज़बूत बनाना

लोगों ने हमें बताया कि कई शिक्षक, मानकों के अधीन अपनी जिम्मेदारियों से अनजान हैं या उनके पास वह जानकारी नहीं है जिनकी उन्हें उन जिम्मेदारियों को लागू करने के लिए ज़रूरत होती है। विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थियों के उस परिस्थिति में बेहतर अनुभव थे जब उनके शिक्षकों और शिक्षा प्रदाताओं के पास मानकों की अच्छी समझ थी और उन्हें यह पता था कि मानकों का अनुपालन कैसे करना है।

| क्या बदल रहा है | हमने अब तक क्या किया है | हम आगे क्या करेंगे |
|---|---|---|
| **शिक्षा प्रदाताओं के लिए जानकारी प्रकाशित करना** | 2022 में हमने विकलाँगता कानूनों और शिकायत करने के तरीके से सम्बन्धित तथ्य पत्रकों को अपडेट किया। ये इस वेबसाइट पर उपलब्ध हैं: www.education.gov.au/disability-standards-education-2005/information<br><br>2023 में हमने अध्यापकों और स्कूली मार्गदर्शकों के लिए नई जानकारी प्रकाशित की। इनसे शिक्षकों को मानकों के अधीन अपनी जिम्मेदारियों को और उन्हें पूरा करने के तरीके को बेहतर ढंग से समझने में सहायता मिलती है। ये www.aitsl.edu.au/teach/supporting-students-with-disability और www.nccd.edu.au/dse पर उपलब्ध हैं। | |
| **अध्यापकों और स्कूली मार्गदर्शकों के लिए मानकों से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदान करना** | भूतपूर्व शिक्षा मंत्री ने स्कूल शिक्षा प्राधिकारियों को लिखित में यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि अध्यापकों और स्कूली मार्गदर्शकों के पास मानकों के संबंध में पेशेवर प्रशिक्षण तक पहुँच है। | स्कूल शिक्षा प्राधिकारी इस काम का मार्गदर्शन करेंगे क्योंकि वे अध्यापकों की नियुक्ति करने के लिए जिम्मेदार हैं। |
| **VET प्रदाताओं के लिए संसाधन प्रदान करना** | हम वर्तमान में संसाधन विकसित कर रहे हैं ताकि इस काम में VET प्रदाताओं का मार्गदर्शन कर सकें कि विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थियों का उनके पूरे प्रशिक्षण के दौरान समर्थन कैसे किया जाए। | इन संसाधनों का प्रसार करने और इन्हें वितरित करने के लिए हम राज्यों व राज्य-क्षेत्रों तथा VET विनियामकों के साथ काम करेंगे। |
| **उच्च शिक्षा नीतियों और अभ्यासों में मानकों को शामिल करना** | मानकों को उच्च शिक्षा से जुड़ी नीतियों और अभ्यासों में कैसे शामिल किया जा सकता है, इस संबंधी हमने उच्च शिक्षा में विद्यार्थी समानता के लिए राष्ट्रीय केन्द्र से सलाह की मांग की है। | हम इस संबंध में उच्च शिक्षा क्षेत्र के साथ काम करेंगे कि उच्च शिक्षा विकलाँगता सहायता कार्यक्रम विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थियों का समर्थन करने के लिए विश्वविद्यालयों की मदद कैसे कर सकता है। |

| | | |
|---|---|---|
| | 2023-24 बजट के भाग के तौर पर, विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थियों का बेहतर समर्थन करने के लिए विश्वविद्यालयों की मदद करने हेतु हर साल अतिरिक्त $4.3 मिलियन राशि उच्च शिक्षा विकलाँगता सहायता कार्यक्रम में निवेश की जाएगी। और अधिक जानकारी बजट 2023-24 तथ्य पत्रक www.education.gov.au/about-department/resources/budget-2324-factsheet-higher-education-support-students-disability पर उपलब्ध है। | ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने विशेषज्ञों के एक समूह, ऑस्ट्रेलियन युनिवर्सिटिज़ अकॉर्ड पैनल, से ऑस्ट्रेलिया की उच्च शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने पर ध्यान देने के लिए कहा है। इसमें यह शामिल है कि कम-प्रतिनिधित्व वाले विद्यार्थियों के समूहों को उच्च शिक्षा में कैसे सम्मिलित किया जाए। |

## संपूर्ण शिक्षा के दौरान मानकों के लिए और अधिक जवाबदेही

लोगों ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए जवाबदेही में सुधार करने की आवश्यकता है कि मानकों का अनुपालन किया जाता है। उन्हें इस बारे में और अधिक जानकारी चाहिए थी कि शिक्षा प्रदाता किस प्रकार मानकों का अनुपालन करते हैं।

| क्या बदल रहा है | हमने अब तक क्या किया है | हम आगे क्या करेंगे |
|---|---|---|
| **सुनिश्चित करना कि शिक्षा नीतियाँ मानकों से मेल खाती हैं** | हमने यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य एवं राज्य-क्षेत्र सरकारों के साथ काम किया है कि शिक्षा नियम और नीतियाँ मानकों से मेल खाती हैं।<br><br>2020 और 2022 के बीच ऑस्ट्रेलियाई पाठ्यक्रम की समीक्षा में यह सुनिश्चित करना शामिल था कि स्कूली पाठ्यक्रम सुलभ है और मानकों को पूरा करता है।<br><br>हमने यह जाँच की कि क्या अध्यापकों और प्रिंसिपलों के लिए राष्ट्रीय ढांचे मानकों से मेल खाते हैं।<br><br>हमने नए वीडियो प्रकाशित किए जिनमें यह दिखाया गया कि अध्यापक और स्कूली मार्गदर्शक किस प्रकार मानकों को पूरा कर सकते हैं और विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थियों का समर्थन कर सकते हैं। ये www.aitsl.edu.au/teach/supporting-students-with-disability और www.nccd.edu.au/dse पर उपलब्ध हैं। | अपडेट किया गया पाठ्यक्रम (v9.0) 2023 से स्कूलों में लागू किया जा रहा है। |
| **विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थियों के लिए VET में सुधार करना** | *पंजीकृत प्रशिक्षण संगठनों के लिए मानकों (Standards for Registered Training Organisations) (RTOs) 2015* (RTO मानकों) को वर्तमान में संशोधित किया जा रहा है। संशोधन में विद्यार्थी समर्थन तथा कल्याण के लिए अधिक सुदृढ़ आवश्यकताएँ शामिल हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थियों के लिए यथोचित समायोजन किए जा सकते हैं। | ड्राफ्ट संशोधित RTO मानकों का परीक्षण किया जा रहा है। जनवरी 2025 से संशोधित RTO मानकों को लागू करने के लिए स्किलस मंत्रियों (Skills Ministers) से सहमति प्राप्त करने की कोशिश करने से पहले ड्राफ्ट को आगे और संशोधित करने हेतु हम राज्य एवं राज्य-क्षेत्रों के साथ काम करना जारी रखेंगे। |
| **इस संबंधी और अधिक जानकारी** | विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थियों के लिए स्कूलों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं और समर्थनों पर | स्कूल विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थियों का समर्थन कैसे करते हैं, इसे एकत्रित करने और |

| क्या बदल रहा है | हमने अब तक क्या किया है | हम आगे क्या करेंगे |
| --- | --- | --- |
| **प्रकाशित करना कि स्कूल विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थियों का समर्थन कैसे करते हैं** | जानकारी की उपलब्धता को बेहतर बनाने के लिए हम राज्य एवं राज्य-क्षेत्र की सरकारों और गैर-सरकारी क्षेत्र के साथ काम कर रहे हैं। | सार्वजनिक तौर पर इससे जुड़ी जानकारी साझा करने के तरीकों के लिए हम राज्यों, राज्य-क्षेत्रों और गैर-सरकारी क्षेत्र के साथ काम करना जारी रखेंगे। |
| **यह जांच करना कि मानकों का अनुपालन कितनी अच्छी तरह किया जाता है** | भूतपूर्व शिक्षा मंत्री ने राज्य एवं राज्य-क्षेत्र के ऑडिटर-जनरल (महालेखा-परीक्षक) को लिखित रूप में यह जाँच करने के लिए लेखा-परीक्षण करने का अनुरोध किया कि सरकारी स्कूलों में मानकों का अनुपालन कितनी अच्छी तरह से किया जाता है।<br>भूतपूर्व मंत्री ने अन्य कॉमनवेल्थ मंत्रियों को लिखित रूप में यह याद भी दिलाया कि उनके विभाग को उनके द्वारा सुपुर्द किए जाने वाले शिक्षा कार्यक्रमों में मानकों का अनुपालन करने की आवश्यकता है। | मानकों की 2025 की समीक्षा के भाग के तौर पर, हम राज्य एवं राज्य-क्षेत्र के महालेखा-परीक्षकों से पूछेंगे कि वे हमें बताएँ कि उन्होंने अपने लेखापरीक्षणों में क्या सीखा। |

## प्रारम्भिक बचपन के शिक्षा एवं देखभाल क्षेत्र में जागरूकता और क्षमता का निर्माण करना

मानक वर्तमान में चाइल्ड केयर प्रदाताओं पर लागू नहीं होते हैं, परन्तु प्रदाताओं के लिए DDA में निर्धारित भेदभाव-विरोधी कानूनों की पालना करना अनिवार्य है। यह सुनिश्चित करने के लिए सुदृढ़ समर्थन है कि प्रारम्भिक बचपन के शिक्षा एवं देखभाल (ECEC) के शिक्षक और प्रदाता DDA के अधीन अपनी जिम्मेदारियों और दायित्वों को बेहतर तरीके से समझते हैं, इसमें उनकी सेवा में भाग लेने वाले विकलाँगता ग्रस्त बच्चों के लिए यथोचित समायोजन करना शामिल है।

| क्या बदल रहा है | हमने अब तक क्या किया है | हम आगे क्या करेंगे |
| --- | --- | --- |
| **ECEC प्रदाताओं के लिए जानकारी प्रकाशित करना** | 2022 और 2023 में ऑस्ट्रेलियाई बाल शिक्षा एवं देखभाल गुणवत्ता प्राधिकरण (Australian Children's Education and Care Quality Authority, ACECQA) ने नए संसाधन प्रकाशित किए ताकि ECEC प्रदाताओं को DDA के बारे में पता लगाने और इन्हें समझने में सहायता मिल सके। ये इस वेबसाइट पर उपलब्ध हैं: www.acecqa.gov.au/resources/disability-discrimination-act-1992-dda-resources. | ACECQA संसाधनों का पता लगाने और इनका प्रयोग करने के लिए ECEC सेवाओं की सहायता कर रही है। |
| **सुनिश्चित करना कि ECEC नीतियाँ DDA से मेल खाती हैं** | ECEC में विकलाँगता ग्रस्त बच्चों का समर्थन कैसे करें, इस संबंधी और अधिक जानकारी उस समय राष्ट्रीय तौर पर अनुमोदित ढांचों में शामिल की गई थी जब इन्हें 2022 में अपडेट किया गया था। ये ढांचे इस प्रकार हैं:<br>• Belonging, Being and Becoming: ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रारम्भिक वर्षों का शिक्षण ढांचा (The Early Years Learning Framework for Australia)<br>• My Time, Our Place: ऑस्ट्रेलिया में स्कूली आयु देखभाल के लिए ढांचा (Framework for School Age Care in Australia)। | राष्ट्रीय गुणवत्ता ढांचे की संदर्शिका में इस संबंधी और अधिक विवरण शामिल करने के लिए कि में ECEC विकलाँगता ग्रस्त बच्चों का समर्थन कैसे करें, हम ACECQA के साथ काम करेंगे। |

| | | |
|---|---|---|
| **ECEC को शामिल करने के लिए मानकों को बदलना** | ECEC को शामिल करने के लिए मानकों को कैसे बदलना है, इस संबंध में हमने राज्य एवं राज्य-क्षेत्र सरकारों, गैर-सरकारी शिक्षा क्षेत्र और ACECQA के साथ काम किया है। | मानकों पर किए जाने वाले ड्राफ्ट (मसौदा) संशोधनों पर हम ECEC क्षेत्र और विकलाँगता समुदाय के साथ सलाह-मशविरा करेंगे। |

## परिवर्तन करना

यहाँ सूचीबद्ध कुछ परिवर्तन ऐसे कार्य हैं जो ऑस्ट्रेलियाई सरकार खुद से कर सकती है, परन्तु इनमें से कई कार्यों के लिए राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारों का परिवर्तन करने पर सहमत होना तथा ऑस्ट्रेलियाई सरकार के साथ मिलकर काम करना आवश्यक है। कुछ कार्यों के लिए राज्य एवं राज्य-क्षेत्र सरकारों तथा स्कूल का संचालन करने वाले शिक्षा प्राधिकारियों द्वारा परिवर्तन करने या कुछ नया करना आवश्यक होता है।

शिक्षा प्रतिनिधियों और विकलाँगता ग्रस्त लोगों की सहायता और सलाह के साथ परिवर्तन किए जा रहे हैं।

और अधिक जानकारी के लिए www.education.gov.au/disability-standards-education-2005 देखें।